प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया उत्साहपूर्वक जारी है। दोपहर 1 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, सिमडेगा 42 दशमलव 65 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे आगे है। वहीं लातेहार में 41 दशमलव 99, रामगढ़ में 38 दशमलव 56 और हजारीबाग में 30 दशमलव 02 और पलामू में 38 दशमलव 60 प्रतिशत वोट डाले जा चुके हैं। उधर देवघर नगर निगम में 30 दशमलव 36 और मधुपुर नगर परिषद क्षेत्र में 38 दशमलव 70 प्रतिशत लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। जामताड़ा नगर पंचायत में 38 प्रतिशत और मिहिजाम नगर परिषद में 36 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका है। उधर, साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र में 33 दशमलव19, राजमहल नगर पंचायत में 44 दशमलव 21 और बरहरवा नगर पंचायत में 45 दशमलव 53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। उधर, पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्र के लिए 33 और चाईबासा नगर परिषद क्षेत्र में 34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। गढ़वा जिला अंतर्गत तीनों निकायों को मिलाकर एक बजे तक करीब 40 प्रतिशत मतदान हो चुका है। लोहरदगा में दोपहर एक बजे तक अड़तीस दशमलव नौ प्रतिशत मतदान हुआ है।

****

राजधानी रांची में लोकतंत्र का उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। दोपहर 1 बजे तक प्राप्त आंकडों के अनुसार रांची नगर निगम क्षेत्र में 24 दशमलव 90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जबकि बुंडू नगर पंचायत में उनचालीस दशमलव सात सात प्रतिशत वोटिंग हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रांची के हरमू में मतदान किया वोट करने की अपील की।

****

निकाय चुनाव को लेकर सिमडेगा में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। यहां नगर परिषद के 20 वार्डों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। मतदाता विकास के नाम पर वोट दे रहे हैं। स्थानीय नागरिक सुरजीत दत्ता ने कहा कि वे समस्याओं का त्वरित समाधान करने वाले प्रत्याशी को चुनना चाहते हैं।

चुनाव को लेकर जिले में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। कंट्रोल रुम से भी बूथों की कड़ी निगरानी की जा रही है।

****

धनबाद नगर निकाय चुनाव के दौरान आज कई केंद्रों पर हंगामे और अव्यवस्था की खबरें मिलीं। वार्ड संख्या 27 में पार्षद प्रत्याशी पुष्पा देवी और पिंकी देवी के समर्थकों के बीच तीखी झड़प और हाथापाई हुई। यहां प्रशासन पर मतदाताओं को प्रभावित करने और बाहरी लोगों से मतदान कराने के आरोप लगे, जिसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला। उधर झरिया में, अवैध कोयला ट्रक की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने झरिया–बलियापुर मार्ग जाम कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण बूथ संख्या 12 से 15 तक करीब डेढ़ घंटे मतदान बाधित रहा। वहीं, वार्ड संख्या 8 के बूथ 345 और 354 पर बैलेट पेपर की बड़ी लापरवाही सामने आई, जहां वार्ड 9 के पर्चों से मतदान कराया जा रहा था।

****

हजारीबाग नगर निगम में महापौर और 34 वार्डों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। डीआईजी अंजनी कुमार झा, उपायुक्त और एसपी लगातार बूथों का निरीक्षण कर रहे हैं। हर बूथ की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के जरिए सीधे जिला नियंत्रण कक्ष से की जा रही है। अधिकारियों ने निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान का भरोसा दिलाया है।

****

कोडरमा में एसपी अनुदीप सिंह ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था जताई। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 114 केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं और फ्लाइंग स्क्वायड टीम लगातार निगरानी कर रही है।

*********समाप्त*********